# आकाशवाणी गोरखपुर
## प्रादेशिक समाचार

दिनांक–12 जनवरी 2026 **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सड़कों को सुरक्षित बनाने के लिए प्रदेशवासियों से मांगा सहयोग। कहा–सामूहिक दायित्व और सजगता से रोकी जा सकती हैं सड़क दुर्घटनाएं।
- यूपी स्थापना दिवस के तहत छब्बीस जनवरी तक होंगे विविध कार्यक्रम। मुख्य सचिव एसपी गोयल ने सभी विभागों और जिलों को जारी किये निर्देश।
- कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने राज्य को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने में कृषि क्षेत्र की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। कहा– दलहन और तिलहन उत्पादन में प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाना है सरकार का लक्ष्य।
- देश भर में आज मनाया जा रहा है राष्ट्रीय युवा दिवस।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि 31 जनवरी तक प्रदेश भर में सड़क सुरक्षा माह मनाया जा रहा हैं। प्रदेश की सड़कें सभी के लिए सुगम–सुरक्षित हों, इसके लिए पुलिस तो नियमों को कड़ाई से लागू करेगी ही, समस्त प्रदेश वासियों से भी सहयोग की आशा है।

***एक सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से मुख्यमंत्री ने कहा है कि लापरवाही से वाहन चलाने और यातायात नियमों की अनदेखी के कारण प्रत्येक वर्ष हजारों लोग अपनी जान गंवा देते हैं। ऐसी दुर्घटनाओं में स्वस्थ लोगों की अकाल मृत्यु अपने पीछे शोक संतप्त परिवार छोड़ जाती है। सामूहिक दायित्व एवं सजगता से इस स्थिति को बदला जा सकता है। उन्होंने कहा है कि सड़क दुर्घटनाओं से होने वाली मृत्यु दर को शून्य स्तर पर लाने के लिए प्रदेश के 20 दुर्घटना–संवेदनशील जनपदों में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। राज्य भर की सड़कों पर 3 हजार से अधिक ऐसे स्थानों को चिह्नित किया गया है, जहां दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।मुख्यमंत्री ने कहा है कि गति सीमा का पालन करें। पैदल चलने वालों का अत्यधिक ध्यान रखें और उनके प्रति संवेदनशील रहें। पूर्ण विश्वास है कि प्रदेश की सड़कों को सुगम–सुरक्षित बनाने के लिए प्रदेश वासी यातायात नियमों का पालन करेंगे। समाचार कक्ष से विवेक सिंह।***

**********

उत्तर प्रदेश के स्थापना दिवस के सिलसिले में आज से छब्बीस जनवरी तक प्रदेश में विभिन्न आयोजन किए जाएंगे। मुख्य सचिव एसपी गोयल ने इस संबंध में सभी विभागों और जिलों को निर्देश जारी किए हैं। एक रिपोर्ट–

**युवा दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम कराए जाएंगे। इसके बाद 23 जनवरी को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर कार्यक्रम होंगे। 24 से 26 जनवरी तक यूपी दिवस का तीन दिवसीय आयोजन किया जाएगा। यूपी दिवस पर राज्य स्तरीय आयोजन लखनऊ स्थित राष्ट्र प्रेरणा स्थल पर किया जाएगा। वहीं जिलों में प्रदर्शनी, संगोष्ठी, वीर रस की कविताओं का पाठ, सम्मेलन, सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रतियोगिता, रोड शो, पारंपरिक खेल आयोजित होंगे। समाचार कक्ष से तनवीर फातिमा।**

**********

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि विकसित भारत जी–राम–जी योजना ग्रामीणों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी। श्री मौर्य ने कल वाराणसी में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि मनरेगा की जगह लाए गये विकसित भारत जी राम जी अधिनियम के प्रावधानों से श्रमिकों को निर्धारित समय पर भुगतान मिल सकेगा।

**विकसित भारत जी रामजी के रूप में नया अधिनियम बन चुका है। पहले श्रमिकों को 1 वर्ष में 100 दिन काम की गारंटी थी। अब 125 दिन काम की गारंटी है। पहले ग्राम सभाएं जो विकसित होती थी, उन्हीं का विकास करते जाते थे जो पीछे छूट जाती तो पीछे रह जाती थी। अब जो पीछे छूटी हैं, उनकी भी श्रेणी बनाई जाएगी। जो आगे बढ़ गई उनकी भी श्रेणी बनाई जाएगी। अर्थात ए बी सी कैटेगरी होगी।**

केन्द्रीय वाणिज्य और उद्योग राज्यमंत्री जितिन प्रसाद ने शाहजहांपुर में मीडिया से बातचीत करते हुए विकसित भारत जी राम जी योजना को ग्रामीण रोजगार के लिये एक नई क्रांति बताया।

**********

प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि राज्य को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने में कृषि क्षेत्र की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण होगी। कल देवरिया में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कृषि मंत्री ने कहा कि सरकार का लक्ष्य दलहन और तिलहन उत्पादन में प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाना है। उन्होंने कहा कि जायद फसलों को बढ़ावा देने के लिए गन्ना किसानों को दलहन और तिलहन के बीज उपलब्ध कराये जायेंगे ताकि किसान एक ही खेत में दो फसलें उगा सके। श्री शाही ने कहा कि राज्य के पैतालीस जिलों के किसानों को मूंग सहित अन्य दलहनी फसलों के लिये बीज मुहैया कराये जायेंगे।

**********

देशभर में आज राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया जा रहा है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नई दिल्ली में विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग 2026 के समापन सत्र में शामिल होंगे। सम्मेलन में कल भारतीय अंतरिक्ष यात्री और ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने कहा कि युवा ही देश की असली पूंजी हैं।

**इतना कॉन्फिडेंट और इतना एक्साइटेड यूथ है हमारा जो हमें विकसित भारत 2047 तक लेके जाएगा। 41 साल लगे किसी दूसरे एस्ट्रोनॉट को भेजने में इंडिया में, लेकिन इस बार बहुत कम समय लगेगा। और हम पूरी कोशिश कर रहे हैं कि ये हम सक्सेफुली एक्पलिस कर पायें। और इसी की तरफ मेहनत होनी चाहिए कि जो हम सपने बच्चों को दिखा रहे हैं, उनको पूरा भी करना है।**

राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर आज लखनऊ में भी कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शामिल होंगे। इस दौरान राज्य स्तरीय विवेकानंद युवा पुरस्कार दिए जाएगें। राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में कल लखनऊ में अभ्युदय यूथ क्लब ने 'समरस मैराथन' का आयोजन किया। प्रदेश के पर्यटन और संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने इस मैराथन का झंडी दिखाकर शुभारंभ किया।

**********

सुशासन और योजनाओं के समय से कार्यान्वयन के लिए प्रधानमंत्री के प्रमुख तंत्र– प्रगति ने अपनी पचासवीं बैठक के साथ महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। प्रगति तंत्र के माध्यम से प्रधानमंत्री की सीधी समीक्षा और निगरानी के कारण बुनियादी ढांचागत परियोजनाओं की समयबद्ध निगरानी और जन शिकायतों का समाधान सम्भव हुआ है। विशेष श्रृंखला में आज प्रस्तुत है राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या–छप्पन के लखनऊ–सुल्तानपुर खंड को चार लेन बनाए जाने पर एक रिपोर्ट–

**लखनऊ, सुल्तानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग 56 के 127 किलोमीटर लंबे खंड को चार लेन में विस्तारित करना मध्य और पूर्वी उत्तर प्रदेश की सड़क और संरचना के उन्नयन की दिशा में एक महत्वपूर्ण परियोजना है। इस परियोजना को 4 मई 2016 को 2000 करोड रुपए से अधिक की लागत से स्वीकृति दी गई थी। यह कॉरिडोर लखनऊ, बाराबंकी, अमेठी और सुल्तानपुर जिलों से होकर गुजरता है। हालांकि इंजीनियरिंग कार्यों में निरंतर प्रगति हो रही थी लेकिन परियोजना के क्रियान्वयन के दौरान भूमि अधिग्रहण और पर्यावरणीय प्रबंधन से जुड़ी गंभीर चुनौतियां सामने आई। कुल 686 हेक्टेयर भूमि की आवश्यकता के मुकाबले प्रारंभ में केवल 337 हेक्टेयर भूमि उपलब्ध हो सकी थी। इस परियोजना को 25 अप्रैल 2018 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रगति की बैठक में समीक्षा की गई जो एक निर्णायक पहल साबित हुई। प्रगति बैठक के बाद प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में उत्तर प्रदेश सरकार ने भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया को तेज किया, जिससे शेष भूमि का पूर्ण अधिग्रहण हो सका। वैधानिक और भूमि संबंधी बधाओं के दूर होने के बाद एन. एच. ए. आई. ने मानव संसाधन और मशीनरी की तैनाती में उल्लेखनीय वृद्धि की। परिणामस्वरूप परियोजना ने शत प्रतिशत भौतिक प्रगति हासिल की और 30 अप्रैल 2019 को इसे राष्ट्र को समर्पित किया गया। अनुपम मिश्र के साथ आनंद कुमार आकाशवाणी समाचार दिल्ली।**

**********

वाराणसी के सिगरा स्टेडियम के इंडोर कोर्ट में चल रही बहत्तरवीं सीनियर नेशनल वॉलीबॉल चौंपियनशिप का कल समापन हो गया। प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग में रेलवे ने केरल की टीम को एकतरफा मुकाबले में हरा कर खिताब पर कब्जा कर लिया, वहीं महिला वर्ग में केरल की टीम रेलवे को हराकर विजेता बनी।

**********

प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में घने कोहरे और कड़ाके की ठंड से जनजीवन प्रभावित है। मौसम विभाग ने अधिकतम और न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस के गिरावट के संकेत दिए हैं। विभाग ने आज भी प्रदेश में कहीं–कहीं घना से लेकर अत्यंत घना कोहरा पड़ने का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। विभाग ने बागपत, मेरठ, गाजियाबाद, हापुड़, नोएडा, अमरोहा, रामपुर, बरेली और बुलंदशहर में शीतलहर की भी संभावना व्यक्त की है। ठंड और कोहरे के कारण सड़क, रेल और हवाई सेवाओं पर असर पड़ रहा है। कई जिलों में जिला प्रशासन ने स्कूलों में अवकाश की अवधि बढ़ा दी है।

**********